रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

Test Date	10/02/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 परिक्षेपित बीज के सफलतापूर्वक अंकुरण और नवोद्भिद् के रूप में विकसित होने के लिए कौन-सी स्थिति आवश्यक है?

Ans
✗ A. केवल सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आना
✗ B. जनक पुष्प से भौतिक पृथक्करण
✔ C. उपयुक्त पर्यावरणीय स्थितियों की उपस्थिति
✗ D. केवल बीज को परिबद्ध करने वाले फल का पूर्ण क्षय

Q.2 जब चलती कार में ब्रेक लगाए जाते हैं, तो कार धीमी हो जाती है, लेकिन भीतर बैठे यात्री आगे बढ़ने लगते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ________।

Ans
✗ A. ब्रेक यात्रियों पर आगे की ओर बल प्रयुक्त करते हैं
✗ B. यात्रियों को गुरुत्वाकर्षण द्वारा आगे की ओर खींचा जाता है
✔ C. यात्रियों में जड़त्व होता है और वे अपनी गतिमान अवस्था में बने रहते हैं
✗ D. कार के भीतर की वायु यात्रियों को आगे की ओर धकेलती है

Q.3 एक प्रबल अम्ल और एक प्रबल क्षार के बीच उदासीनीकरण अभिक्रिया के दौरान निम्नलिखित में से सदैव कौन-से पदार्थ बनते हैं?

Ans
✔ A. लवण और जल
✗ B. लवण, जल और कार्बन डाइऑक्साइड
✗ C. लवण और हाइड्रोजन गैस
✗ D. केवल जल

Q.4 कोई कुली 25 kg द्रव्यमान के सामान को भूमि से 2.0 m की ऊंचाई तक उठाता है। सामान पर उसके द्वारा किया गया कार्य कितना है? ($g = 10\,m/s^2$ लीजिए)

Ans
✗ A. 250 J
✔ B. 500 J
✗ C. 50 J
✗ D. 100 J

Q.5	**नीचे दी गई अभिक्रिया में उत्पाद की पहचान कीजिए।**

$$CH_3 - CH_2OH \xrightarrow[\text{or acidified } K_2Cr_2O_7 + \text{Heat}]{\text{Alkaline } KMnO_4 + \text{Heat}} \text{Product}$$

संदर्भ:
Alkaline: क्षारीय
or acidified: या अम्लीकृत
Heat: ऊष्मा
Product: उत्पाद

Ans	✗ A. एथैनल (Ethanal)
	✓ B. एथेनॉइक अम्ल (Ethanoic acid)
	✗ C. प्रोपेनैल (Propanal)
	✗ D. प्रोपेनोन (Propanone)

Q.6	**लैंगिक जनन करने वाले प्राणियों में दो अलग-अलग व्यष्टियों (individuals) के DNA के संयोजन का क्या लाभ है?**
Ans	✗ A. यह जनन प्रक्रिया को तीव्र करता है।
	✗ B. यह विशेषीकृत जननांगों की आवश्यकता को कम करता है।
	✗ C. यह DNA प्रतिलीपीयन में त्रुटियों को समाप्त करता है।
	✓ D. यह समष्टि के भीतर आनुवंशिक विभेद को बढ़ाता है।

Q.7	**निम्नलिखित में से कौन-सा भार का SI मात्रक है?**
Ans	✗ A. जूल
	✗ B. पास्कल
	✓ C. न्यूटन
	✗ D. किलोग्राम

Q.8	**निम्नलिखित में से कौन-सा एक सूक्ष्मपोषक तत्व है?**
Ans	✗ A. मैग्नीशियम (Magnesium)
	✗ B. नाइट्रोजन (Nitrogen)
	✗ C. फॉस्फोरस (Phosphorous)
	✓ D. मैंगनीज (Manganese)

Q.9	**लंबाई 'L', अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल 'A' और प्रतिरोधकता 'ρ' वाले एक तार का प्रतिरोध 'R' है। यदि इस तार का अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल तीन गुना कर दिया जाए, तो इसका नया प्रतिरोध (अन्य सभी प्राचलों को समान रखते हुए) कितना होगा?**
Ans	✓ A. R/3
	✗ B. 3R
	✗ C. R
	✗ D. R/9

Q.10	**एकसमान वेग से गतिमान पिंड का त्वरण ______________।**
Ans	✓ A. शून्य है
	✗ B. बढ़ रहा है
	✗ C. नियत है
	✗ D. घट रहा है

Q.11	पादपों में भोजन-संवाहक जटिल ऊतक का कौन-सा भाग, नलिकाकार होता है तथा इसकी भित्तियां सछिद्र होती हैं?
Ans	✗ A. चालनी पट्टिका (Sieve plate)
	✗ B. सहचर कोशिका (Companion cell)
	✗ C. फ्लोएम मृदूतक (Phloem parenchyma)
	✓ D. चालनी नलिका (Sieve tube)

Q.12	कौन-सा गुण समांगी मिश्रण को विषमांगी मिश्रण से विभेदित करता है?
Ans	✓ A. एकसमान संघटन
	✗ B. स्थिर क्वथनांक
	✗ C. उच्च घनत्व
	✗ D. रासायनिक अभिक्रिया

Q.13	सोडियम क्लोराइड क्रिस्टल में सोडियम और क्लोराइड आयन 1 : 1 के अनुपात में हैं। सोडियम क्लोराइड के सूत्र इकाई द्रव्यमान (formula unit mass) की गणना करने के लिए, आप किस प्रक्रिया का उपयोग करेंगे?
Ans	✓ A. सोडियम के परमाण्विक द्रव्यमान और क्लोरीन के परमाण्विक द्रव्यमान को जोड़कर
	✗ B. सोडियम के परमाण्विक द्रव्यमान को क्लोरीन के परमाण्विक द्रव्यमान से विभाजित करके
	✗ C. सोडियम के परमाण्विक द्रव्यमान में से क्लोरीन के परमाण्विक द्रव्यमान को घटाकर
	✗ D. सोडियम के परमाण्विक द्रव्यमान और क्लोरीन के परमाण्विक द्रव्यमान को गुणा करके

Q.14	नियत प्रतिरोध वाले एक प्रतिरोधक के लिए, उत्पन्न ऊष्मा का परिमाण निम्नलिखित में से किसके अनुक्रमानुपाती होता है?
Ans	✓ A. प्रतिरोधक के माध्यम से प्रवाहित धारा के वर्ग
	✗ B. प्रतिरोधक के माध्यम से प्रवाहित धारा
	✗ C. पदार्थ के घनत्व
	✗ D. प्रतिरोधक की लंबाई

Q.15	जलीय विलयन में क्षार के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
Ans	✗ A. इनका स्वाद खट्टा होता है।
	✓ B. ये जल में OH− आयन उत्पन्न करते हैं।
	✗ C. ये धातुओं के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करते हैं।
	✗ D. ये नीले लिटमस को लाल कर देते हैं।

Q.16	किस प्रकार की रक्त वाहिका की भित्तियां मोटी और लचीली होती हैं ताकि वह उच्च दाब को सहन कर सके?
Ans	✗ A. केशिका
	✓ B. धमनी
	✗ C. शिरिका
	✗ D. शिरा

Q.17	निम्नलिखित में से कौन-सा बहुकोशिकीय जीव, अलैंगिक जनन की एक सामान्य विधि के रूप में खंडन को दर्शाता है?
Ans	✗ A. संतरा (Orange)
	✓ B. स्पाइरोगाइरा (Spirogyra)
	✗ C. ब्रायोफिलम (Bryophyllum)
	✗ D. चमेली (Jasmine)

Q.18	किसी धातु को निष्कर्षित करने के बाद उसे परिष्कृत करने का मुख्य उद्देश्य क्या है?
Ans	✗ A. धातु को मिश्र धातु में परिवर्तित करना
	✓ B. निष्कर्षित धातु से अशुद्धियाँ दूर करना
	✗ C. धातु के गलनांक को बढ़ाना
	✗ D. धातु की अभिक्रियाशीलता को कम करना

Q.19	मेगाफोन, हॉर्न और स्टेथोस्कोप वे उपकरण हैं, जिनका उपयोग __________ के लिए किया जाता है।
Ans	✗ A. ध्वनि के आयाम को नियंत्रित करने
	✓ B. ध्वनि का उत्पादन, संचरण और प्रवर्धन करने
	✗ C. ध्वनि को अवरुद्ध करने
	✗ D. तारत्व बदलने

Q.20	निम्नलिखित में से किस किरण का उपयोग गोलीय दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब का स्थान निर्धारित करने के लिए नहीं किया जाता है?
Ans	✗ A. वक्रता केंद्र से होकर गुजरने वाली एक किरण जो उसी पथ के अनुदिश वापस परावर्तित होती है।
	✗ B. मुख्य अक्ष के समांतर एक किरण जो फोकस से होकर परावर्तित होती है।
	✓ C. मुख्य अक्ष के लंबवत एक किरण जो फोकस से होकर परावर्तित होती है।
	✗ D. फोकस से होकर गुजरने वाली एक किरण जो मुख्य अक्ष के समांतर परावर्तित होती है।

Q.21	प्रश्नों को हल करने के लिए दर्पण सूत्र में दूरियों (u, v, f) के संख्यात्मक मानों को प्रतिस्थापित करते समय, किस आवश्यक शर्त (prerequisite) का कठोरता से पालन किया जाना चाहिए?
Ans	✗ A. फोकस दूरी (f) को सदैव धनात्मक लिया जाना चाहिए।
	✗ B. सभी मानों को मीटर में परिवर्तित किया जाना चाहिए।
	✗ C. सभी माप वक्रता केंद्र से लिए जाने चाहिए।
	✓ D. नई कार्तीय चिह्न परिपाटी का उपयोग किया जाना चाहिए।

Q.22	उच्च ऊर्जा आवश्यकताओं और नियत शरीर तापमान वाले जंतुओं, जैसे कि पक्षियों और स्तनधारियों, में __________ कोष्ठीय हृदय होता है।
Ans	✗ A. एक
	✗ B. तीन
	✗ C. दो
	✓ D. चार

Q.23	सार्वत्रिक गुरुत्वीय स्थिरांक G का SI मात्रक क्या है?
Ans	✗ A. N/m2
	✓ B. N·m2/kg2
	✗ C. kg/m3
	✗ D. N-Kg2/m2

Q.24	प्रोटॉन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
Ans	✗ A. एक प्रोटॉन आवेश में उदासीन होता है और इसका द्रव्यमान एक इलेक्ट्रॉन के बराबर होता है।
	✗ B. एक प्रोटॉन धनात्मक रूप से आवेशित होता है और इसका द्रव्यमान हाइड्रोजन परमाणु के द्रव्यमान का 1/2000 होता है।
	✓ C. एक प्रोटॉन धनात्मक रूप से आवेशित होता है और इसके द्रव्यमान को एक इकाई के रूप में माना जाता है।
	✗ D. एक प्रोटॉन ऋणात्मक रूप से आवेशित होता है और इसका द्रव्यमान बहुत कम होता है।

Q.25	निम्नलिखित में से कौन-सा अणु, ओजोन के निर्माण के लिए उच्च ऊर्जा पराबैंगनी द्वारा विभक्त होता है?
Ans	✗ A. लोहा
	✗ B. जिंक
	✗ C. सोडियम
	✓ D. ऑक्सीजन

Section : **Mathematics**

Q.26	₹6,400 की धनराशि पर वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 15% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. ₹8,464
	✗ B. ₹8,413
	✗ C. ₹8,375
	✗ D. ₹8,078

Q.27	A का वह न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए ताकि 8-अंकों की संख्या 322A4828, 4 से विभाज्य हो?
Ans	✗ A. 4
	✗ B. 3
	✗ C. 5
	✓ D. 0

Q.28	तीन श्रमिक, A, B और C को एक दीवार पेंट करने का काम सौंपा गया। A इस काम को 8 घंटे में, B इसे 12 घंटे में, और C इसे 16 घंटे में पूरा कर सकता है। यदि वे सभी मिलकर काम करना शुरू करते हैं लेकिन C, 2 घंटे बाद काम करना छोड़ देता है, तो काम पूरा होने में कुल कितना समय लगेगा?
Ans	✗ A. 6 घंटे
	✗ B. 5.5 घंटे
	✓ C. 4.2 घंटे
	✗ D. 3 घंटे

Q.29	एक दौड़ में, एक एथलीट पहले लैप में 150 सेकंड में 450 मीटर की दूरी तय करता है। वह उसी दूरी के दूसरे लैप को 75 सेकंड में तय करता है। एथलीट की औसत चाल (m/sec में) कितनी है?
Ans	✗ A. 5
	✓ B. 4
	✗ C. 10
	✗ D. 11

Q.30	यदि किसी बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 3080 m^2 है और उसकी त्रिज्या 14 m है, तो बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)
Ans	✗ A. 1798 cm2
	✗ B. 1978 cm2
	✓ C. 1848 cm2
	✗ D. 2048 cm2

Q.31	n भुजाओं वाले एक सम बहुभुज के बहिष्कोणों के योगफल और अंत:कोणों के योगफल का अनुपात 2 : 43 है। सम बहुभुज के एक अंत:कोण की माप कितनी होगी?
Ans	✗ A. 174°
	✗ B. 170°
	✓ C. 172°
	✗ D. 176°

Q.32	यदि किसी आयत की लंबाई उसकी चौड़ाई से 5 cm अधिक है और आयत का परिमाप 40 cm है, तो आयत की लंबाई और चौड़ाई ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 12.4 cm ,7.6 cm
	✗ B. 11.4 cm ,8.6 cm
	✓ C. 12.5 cm , 7.5 cm
	✗ D. 10.5 cm , 9.5 cm

Q.33	$(5pq + 16q)^2 - (5pq - 16q)^2$ को सरल कीजिए।
Ans	✗ A. 160pq2
	✓ B. 320pq2
	✗ C. 160p2q2
	✗ D. 320p2q

Q.34	एक गांव की जनसंख्या 1,60,000 थी। इसमें पहले वर्ष 15% की वृद्धि और दूसरे वर्ष 30% की वृद्धि हुई। दो वर्षों के बाद इसकी जनसंख्या _______ होगी।
Ans	✗ A. 2,32,000
	✓ B. 2,39,200
	✗ C. 2,08,000
	✗ D. 1,84,000

Q.35	दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 78% मतदाताओं ने अपने मत डाले, जिनमें से 4% मत अवैध घोषित किए गए। एक उम्मीदवार को 13,572 मत मिले, जिनमें से 58% वैध मत थे। उस चुनाव में नामांकित मतदाताओं की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 30,150
	✓ B. 31,250
	✗ C. 33,540
	✗ D. 28,680

Q.36	यदि एक पंखे का अंकित मूल्य ₹775 है और उस पर 12% की छूट प्रदान की जाती है, तो पंखे का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. ₹682
	✗ B. ₹680
	✗ C. ₹684
	✗ D. ₹686

Q.37	वह सबसे छोटी प्राकृत संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 18, 35 और 140 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 7 प्राप्त हो?
Ans	✗ A. 1337
	✗ B. 1270
	✗ C. 1300
	✓ D. 1267

Q.38	अमित किसी काम को 13 दिनों में कर सकता है। गोपाल, अमित से 30% अधिक कुशल है। गोपाल को उसी काम को करने में कितने दिन लगेंगे?
Ans	✗ A. 15
	✗ B. 13
	✓ C. 10
	✗ D. 20

Q.39	एक व्यक्ति को 8 घंटे में 228 km की दूरी तय करनी है। यदि वह इस दूरी का $\frac{2}{3}$ भाग $\frac{5}{8}$ वें समय में तय करता है, तो शेष समय में शेष दूरी तय करने के लिए उसकी चाल (km/hr में, दशमलव के एक अंक तक सही) कितनी होनी चाहिए?
Ans	✗ A. 23.3
	✗ B. 14.1
	✓ C. 25.3
	✗ D. 22.2

Q.40	सुमन, तारिक और नेहा ने क्रमशः 6 : 11 : 12 के अनुपात में राशि निवेश की। यदि वर्ष के अंत में उन्हें कुल ₹79,721 का लाभ अर्जित हुआ, तो सुमन और नेहा के हिस्सों का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. ₹16,494
	✗ B. ₹16,493
	✗ C. ₹16,491
	✗ D. ₹16,492

Q.41	दुर्लभ पुस्तकों का एक विक्रेता एक संकलनकर्ता को एक प्राचीन उपन्यास ₹1,440 में बेचता है। बाद में, संकलनकर्ता उसे 25% के लाभ पर नीलाम कर देता है। नीलामी में अंतिम खरीदार कितनी कीमत का भुगतान करता है?
Ans	✗ A. ₹1,860
	✗ B. ₹360
	✗ C. ₹1,620
	✓ D. ₹1,800

Q.42	शिवम अपनी आय का 50% खर्च करता है। यदि वह ₹42,000 की बचत करता है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी होगी?
Ans	✗ A. 21,000
	✗ B. 85,000
	✗ C. 83,000
	✓ D. 84,000

Q.43	$\cos^2 30^\circ + \cos^2 60^\circ + \cos^2 90^\circ$ का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 1.5
	✓ B. 1
	✗ C. 2
	✗ D. 1.25

Q.44	प्रथम 12 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 12
	✗ B. 11.5
	✗ C. 12.5
	✗ D. 13

Q.45	एक गोला जिसका पृष्ठीय क्षेत्रफल 616 cm^2 है, इस गोले की त्रिज्या को 25% घटाने पर एक नये गोले का निर्माण होता है। निर्मित नए गोले का आयतन ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)
Ans	✓ A. 606.375 cm3
	✗ B. 506.475 cm3
	✗ C. 556.375 cm3
	✗ D. 616.475 cm3

Q.46	एक खुदरा विक्रेता खरीदारों के लिए एक वस्तु पर निम्नलिखित छूट की स्कीम प्रदान करता है। किस स्कीम के तहत अधिकतम विक्रय मूल्य होगा?
Ans	✗ A. 25% और 36% की क्रमिक छूट
	✗ B. 23% की छूट के बाद 15% की छूट
	✓ C. 10% की दो क्रमिक छूट
	✗ D. 12% की छूट के बाद 46% की छूट

Q.47	एक माँ की वर्तमान आयु उसकी पुत्री की आयु की दोगुनी है। दस वर्ष पूर्व, माँ की आयु उसकी पुत्री की आयु की तीन गुनी थी। माँ की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 48 वर्ष
	✗ B. 28 वर्ष
	✗ C. 42 वर्ष
	✓ D. 40 वर्ष

Q.48	दिए गए आँकड़ों 9, 6, 8, 11, 16 और 22 के लिए माध्यिका ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 10
	✗ B. 9
	✗ C. 11
	✗ D. 12

Q.49	यदि $x = 3 + \sqrt{8}$ हो, तो $\sqrt{x} - \frac{1}{\sqrt{x}}$ का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 1
	✓ B. 2
	✗ C. $\frac{1}{\sqrt{2}}$
	✗ D. $\sqrt{2}$

Q.50	P, Q और R टाइप की प्रत्येक वस्तु का मूल्य क्रमशः ₹280, ₹185 और ₹105 है। योगेश प्रत्येक टाइप की वस्तुएं 4 : 2 : 5 के अनुपात में खरीदता है और कुल ₹8,060 खर्च करता है। वह Q टाइप की कितनी वस्तुएं खरीदता है?
Ans	✓ A. 8
	✗ B. 6
	✗ C. 12
	✗ D. 4

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51	सात व्यक्ति S, Q, U, A, R, E और D एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के दायीं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, A के ठीक बायीं ओर पड़ोस में बैठा है। S, U के ठीक दायीं ओर पड़ोस में बैठा है। पंक्ति के बायें छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
Ans	✗ A. E
	✓ B. Q
	✗ C. S
	✗ D. R

Q.52	ग्यालमु बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 15 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 16 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 17 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 18 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 2 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A तक दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (नोट: जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के हैं।)
Ans	✗ A. 1 km दक्षिण में
	✓ B. 2 km दक्षिण में
	✗ C. 3 km दक्षिण में
	✗ D. 4 km दक्षिण में

Q.53	निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ, केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है। (बाएँ) 1 6 8 1 6 2 8 1 4 3 8 2 9 7 8 7 3 9 5 5 6 (दाएँ) ऐसे कितने सम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद में एक सम अंक भी है?
Ans	✓ A. 3
	✗ B. 1
	✗ C. 2
	✗ D. 4

Q.54	यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकों वाली संख्याओं पर आधारित है। (बाएँ) 700 496 723 316 639 (दाएँ) (उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7) नोट - सभी संक्रियाएं बाएँ से दाएँ की जानी हैं। यदि सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में से सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को घटाया जाए, तो क्या परिणाम प्राप्त होगा?
Ans	✓ A. 4
	✗ B. 3
	✗ C. 5
	✗ D. 7

Q.55	यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है। (बाएं) 431 853 326 139 268 (दाएं) (उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7) नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं। यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो क्या परिणाम प्राप्त होगा?
Ans	✗ A. 9
	✓ B. 6
	✗ C. 4
	✗ D. 8

Q.56	उत्तर की ओर अभिमुख 50 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, मेहा दाएँ छोर से 15वें स्थान पर है। यदि प्रिया मेहा के बाएँ से 8वें स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएँ छोर से प्रिया का स्थान क्या है?
Ans	✗ A. 26वां
	✓ B. 28वां
	✗ C. 29वां
	✗ D. 27वां

Q.57	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करके श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बना देगा? GSN 14, EQL 23, COJ 32, AMH 41, ?
Ans	✗ A. YKE 49
	✓ B. YKF 50
	✗ C. ZKE 49
	✗ D. YJD 50

Q.58	दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए? 8, 33, 69, ?, 182, 263
Ans	✗ A. 116
	✗ B. 122
	✗ C. 120
	✓ D. 118

Q.59	दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए? 42 47 53 60 68 ?
Ans	✓ A. 77
	✗ B. 76
	✗ C. 79
	✗ D. 78

Q.60	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह तय करना है कि कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं। कथन: सभी कार, बस हैं। सभी बस, जहाज हैं। कोई भी कार, ट्रेन नहीं है। निष्कर्ष (I): कोई भी बस, ट्रेन नहीं है। निष्कर्ष (II): कोई भी जहाज, ट्रेन नहीं है।
Ans	✓ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
	✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
	✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.61	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी? YY49 WV36 TR25 PM16 ?
Ans	✗ A. LH9
	✗ B. JK4
	✓ C. KG9
	✗ D. KH9

Q.62	एक निश्चित कूट भाषा में, A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है' A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' उपरोक्त के आधार पर, यदि 'L@O#V+E×R' है, तो L का R से क्या संबंध है?
Ans	✗ A. पत्नी का भाई
	✗ B. पिता
	✗ C. भाई
	✓ D. पत्नी का पिता

Q.63	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं। कथन: सभी केतली, ओवन हैं। सभी ओवन, टोस्टर हैं। निष्कर्ष (I): कुछ टोस्टर, केतली हैं। निष्कर्ष (II): कोई भी टोस्टर, केतली नहीं है।
Ans	✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
	✗ B. केवल निष्कर्ष (II) ही अनुसरण करता है
	✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
	✓ D. केवल निष्कर्ष (I) ही अनुसरण करता है

Q.64	शहर A, शहर B के पश्चिम में स्थित है। शहर D, शहर A के दक्षिण में स्थित है। शहर C, शहर D के पूर्व में स्थित है। यदि शहर E, शहर C के उत्तर में स्थित है, तो शहर D के संबंध में शहर B की दिशा क्या होगी?
Ans	✗ A. पूर्व
	✗ B. पश्चिम
	✗ C. दक्षिण
	✓ D. उत्तर पूर्व

Q.65	उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए -13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।) 12 - 4 - 48 15 - 3 - 45
Ans	✓ A. 19 - 2 - 38
	✗ B. 16 - 2 - 34
	✗ C. 21 - 3 - 61
	✗ D. 3 - 4 - 14

Q.66	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, XTBH का संबंध एक निश्चित तरीके से BXFL से है। उसी प्रकार, MFKP का संबंध QJOT से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BXLR का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
Ans	✗ A. DZNU
	✓ B. FBPV
	✗ C. EAOU
	✗ D. GCQW

Q.67	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. TI - XM
	✓ B. YA - CF
	✗ C. JR - NV
	✗ D. LF - PJ

Q.68	सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। B पंक्ति के बाएं छोर से छठे स्थान पर बैठा है। D के बाएं केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F, A के दाएं लेकिन D के बाएं बैठा है। E, G के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। C और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✔ A. एक
	✘ B. चार
	✘ C. तीन
	✘ D. दो

Q.69	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✔ A. TVV
	✘ B. GHI
	✘ C. DEF
	✘ D. JKL

Q.70	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, VANE का संबंध DIVM से है। इसी प्रकार, BGTK का संबंध JOBS से है। समान तर्क के आधार पर, ZERI का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
Ans	✘ A. HWER
	✘ B. HMQW
	✔ C. HMZQ
	✘ D. HMWE

Q.71	यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 405 × 5 – 32 + 16 ÷ 6 = ?
Ans	✘ A. 16
	✘ B. 19
	✘ C. 18
	✔ D. 17

Q.72	निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (बाएँ) C H T M L K N B P G Q D V W R A X Z F Y E S (दाएँ) उपरोक्त श्रृंखला में कितने अद्वितीय स्वर हैं? (प्रत्येक स्वर को पुनरावृत्ति की उपेक्षा करते हुए केवल एक बार गिना जाना चाहिए।)
Ans	✘ A. तीन
	✘ B. एक
	✘ C. चार
	✔ D. दो

Q.73	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से GUSB का संबंध LZXV से है। उसी प्रकार, NHIN का संबंध SMNH से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MLKO का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
Ans	✔ A. RQPI
	✘ B. SQQJ
	✘ C. RPPJ
	✘ D. SPQI

Q.74	सभी 144 व्यक्ति उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। Lkj बाएँ छोर से 65वें स्थान पर हैं जबकि lhg दाएँ छोर से 8वें स्थान पर है। Lkj और lhg के बीच कितने व्यक्ति हैं?
Ans	✗ A. 70
	✗ B. 72
	✗ C. 69
	✓ D. 71

Q.75	दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए? 78 92 108 126 146 ?
Ans	✗ A. 162
	✗ B. 165
	✗ C. 170
	✓ D. 168

Q.76	यदि संख्या 28369475 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?
Ans	✗ A. 2
	✗ B. 4
	✓ C. 3
	✗ D. 1

Q.77	यदि संख्या 5346188 के प्रत्येक विषम अंक में 3 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 4 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाईं ओर से तीसरे अंक और दाईं ओर से चौथे अंक का योगफल कितना होगा?
Ans	✗ A. 6
	✗ B. 4
	✓ C. 2
	✗ D. 0

Q.78	एक निश्चित कूट भाषा में, 'bees buzz close' को 'zd st cq' के रूप में और 'hear bees hum' को 'cq ge vm' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में, 'bees' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?
Ans	✗ A. zd
	✗ B. vm
	✓ C. cq
	✗ D. ge

Q.79	एक निश्चित कूट भाषा में, 'READ' को '4628' के रूप में और 'AIMS' को '5716' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या होगा?
Ans	✓ A. 6
	✗ B. 2
	✗ C. 7
	✗ D. 5

Q.80	सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। F के बाएं केवल छह व्यक्ति बैठे हैं। D पंक्ति के दाएं छोर से चौथे स्थान पर बैठा है। A और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C और F का निकटतम पड़ोसी G है। B, E के बाएं नहीं बैठा है। E और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✓ A. तीन
	✗ B. दो
	✗ C. चार
	✗ D. एक भी नहीं

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81	**उस अग्रणी आणविक जीवविज्ञानी (molecular biologist) का नाम क्या है, जिन्होंने फ्रांसिस एच. सी. क्रिक के साथ मिलकर DNA की द्विकुंडलिनी (double helix) संरचना की सह-खोज की थी और जिन्हें 1962 में शरीर क्रिया विज्ञान या चिकित्सा (Physiology or Medicine) में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था और जिनका 97 वर्ष की आयु में ईस्ट नॉर्थपोर्ट, न्यूयॉर्क में निधन हो गया?**
Ans	✗ A. मॉरिस विल्किन्स (Maurice Wilkins)
	✗ B. रोज़ालिंड फ्रैंकलिन (Rosalind Franklin)
	✓ C. जेम्स डी. वॉटसन (James D. Watson)
	✗ D. फ्रांसिस एच. सी. क्रिक (Francis H. C. Crick)

Q.82	**भारतीय प्रवासियों के योगदान को मान्यता देने के लिए 9 जनवरी 2025 को कौन-सा दिवस मनाया जाता है?**
Ans	✓ A. प्रवासी भारतीय दिवस (Pravasi Bharatiya Divas)
	✗ B. सेना दिवस (Army Day)
	✗ C. विश्व हिंदी दिवस (World Hindi Day)
	✗ D. राष्ट्रीय पर्यटन दिवस (National Tourism Day)

Q.83	**किस वियतनामी-अमेरिकी लेखक ने मई 2025 में 'द एम्परर ऑफ ग्लैडनेस' का विमोचन किया?**
Ans	✗ A. कॉलम मैककैन (Colum McCann)
	✓ B. ओशन वुओंग (Ocean Vuong)
	✗ C. चार्लोट मैककोनाघी (Charlotte McConaghy)
	✗ D. शेरोन ली (Sharon Lee)

Q.84	**जुलाई 2025 में, किस भारतीय सरकारी निकाय ने सतत विकास पर संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच (HLPF) को अपनी तीसरी स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा (VNR) प्रस्तुत की?**
Ans	✗ A. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG)
	✓ B. राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति आयोग)
	✗ C. भारतीय वित्त आयोग (FCI)
	✗ D. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)

Q.85	**अक्टूबर 2025 में, निम्नलिखित में से किसे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का महानिदेशक नियुक्त किया गया था?**
Ans	✗ A. कुलदीप सिंह
	✗ B. राकेश अस्थाना
	✓ C. प्रवीर रंजन
	✗ D. अनिल कुमार

Q.86	**सितंबर 2025 में उद्घाटित मोनोप्रोपेलेंट थ्रस्टर टेस्ट फैसिलिटी (Monopropellant Thruster Test Facility-MPTTF) मुख्यत: किस व्यापक तकनीकी क्षेत्र से संबंधित परीक्षण गतिविधियों में सहायता करती है?**
Ans	✗ A. नाभिकीय नोदन (Nuclear propulsion)
	✗ B. सैटेलाइट नेविगेशन (Satellite navigation)
	✗ C. हाइपरसोनिक फ्लाइट (Hypersonic flight)
	✓ D. अंतरिक्ष नोदन प्रणाली (Space propulsion systems)

Q.87	किस संगठन ने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण आयोजित किया था, जिसका नाम 2024 में बदलकर PARAKH राष्ट्रीय सर्वेक्षण कर दिया गया था, जिसमें केरल दूसरे स्थान पर रहा था?
Ans	✗ A. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद
	✓ B. CBSE के सहयोग से NCERT के अंतर्गत PARAKH
	✗ C. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
	✗ D. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

Q.88	खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के दौरान कितने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किए गए?
Ans	✗ A. 12
	✗ B. 15
	✓ C. 18
	✗ D. 20

Q.89	अगस्त 2025 में निम्नलिखित में से किसने, उस मंत्रिसमूह (Group of Ministers - GoM) की अध्यक्षता की जिसने व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर वस्तु एवं सेवा कर (GST) से छूट देने का प्रस्ताव रखा था?
Ans	✗ A. अजय सेठ
	✗ B. नितिन गडकरी
	✗ C. मल्लू भट्टी विक्रमार्क
	✓ D. सम्राट चौधरी

Q.90	2024 NBA फाइनल्स मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर (FMVP) किसे चुना गया?
Ans	✗ A. जेसन टैटम (Jayson Tatum)
	✓ B. जेलेन ब्राउन (Jaylen Brown)
	✗ C. इमैनुअल जेलेन क्विकली (Immanuel Jaylen Quickley)
	✗ D. मलाची फ़्लिन (Malachi Flynn)

Q.91	केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सितंबर 2025 में भारत के सबसे बड़े और आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन कहाँ किया था?
Ans	✓ A. अहमदाबाद
	✗ B. गांधीनगर
	✗ C. सूरत
	✗ D. वडोदरा

Q.92	प्रस्तावित कुलसी परियोजना (Kulsi project) का एक प्रमुख उद्देश्य क्या है?
Ans	✗ A. पर्यटन संवर्धन और सिंचाई
	✗ B. सैन्य अवसंरचना
	✓ C. जलविद्युत उत्पादन और सिंचाई
	✗ D. औद्योगिक विकास

Q.93	2023-24 के लिए NBA चैंपियनशिप ट्रॉफी की विजेता टीम कौन है?
Ans	✓ A. बोस्टन सेल्टिक्स (Boston Celtics)
	✗ B. टोरंटो रैप्टर्स (Toronto Raptors)
	✗ C. फिलाडेल्फिया वारियर्स (Philadelphia Warriors)
	✗ D. रोचेस्टर रायल्स (Rochester Royals)

Q.94	डुगोंग क्रीक स्थित वन धन विकास केंद्र का उद्देश्य निम्नलिखित में से किसके माध्यम से ओंगी जनजाति (Onge tribe) को आत्मनिर्भर बनाना है?
Ans	✘ A. बांस के हस्तशिल्प
	✔ B. नारियल आधारित उत्पाद
	✘ C. जड़ी-बूटियों के उत्पादन
	✘ D. शहद और जंगली वन उत्पाद

Q.95	खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में, किस राज्य ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया?
Ans	✘ A. तमिलनाडु
	✘ B. उत्तर प्रदेश
	✔ C. हरियाणा
	✘ D. महाराष्ट्र

Q.96	भारत में स्वदेशी रूप से विकसित पहली CRISPR जीन थेरेपी का नाम क्या है, जिसे सिकल सेल रोग के इलाज के लिए डिज़ाइन किया गया है?
Ans	✘ A. क्रिस्पर-क्योर (CRISPR-Cure)
	✘ B. जीनहील प्रो (GeneHeal Pro)
	✔ C. बिरसा 101 (BIRSA 101)
	✘ D. एससीडी क्योर एक्स (SCD Cure X)

Q.97	निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान को दो नए गैंडा पुनर्वास क्षेत्रों की स्थापना के लिए जून 2025 में ₹1.5 करोड़ प्राप्त हुए?
Ans	✘ A. जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान
	✘ B. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
	✘ C. सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान
	✔ D. दुधवा राष्ट्रीय उद्यान

Q.98	2025 में भारतीय सेना द्वारा लॉन्च किए गए सक्षम काउंटर-अनमैंड एयरक्राफ्ट सिस्टम ग्रिड (SAKSHAM counter-Unmanned Aircraft System grid) को किस संगठन ने विकसित किया है?
Ans	✘ A. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, नासिक
	✘ B. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, बेंगलुरु
	✔ C. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, गाजियाबाद
	✘ D. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, हैदराबाद

Q.99	अगस्त 2025 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, GST मंत्री समूहों (GoM) ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम को GST उगाही से पूरी तरह छूट देने का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्तावित छूट से पहले भारत में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर GST दर कितनी थी?
Ans	✔ A. 18%
	✘ B. 10%
	✘ C. 12%
	✘ D. 5%

Q.100	नवंबर 2025 में COP-30 के बाद की वार्ताओं के दौरान भारत ने जलवायु वित्त की किस श्रेणी को स्वतंत्र रूप से बढ़ाने की वकालत की थी?
Ans	✘ A. हानि और क्षति वित्त
	✘ B. हरित हाइड्रोजन वित्त
	✔ C. अनुकूलन वित्त
	✘ D. कार्बन बाजार वित्त

"